हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 17 मई 2025

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 सुशासन तिहार समस्याओं के समाधान का सशक्त...



12 चिखली ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में...





## पेंडरवानी, देवकोट, गंगोरीपार, बासीन, परसुली, डढारी, खुंदनी, पेरपार, अकलवारा, सरबदा, फागुन्दाह, दर्रा, कंवर के ग्रामीण हुए शामिल

# पेंडरवानी के सुशासन शिविर में 6277 आवेदनों का परीक्षण के बाद निराकरण किया सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ राशन कार्ड, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड और धान बीज बांटे गए

सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पेण्डरवानी में आयोजित समाधान शिविर मे पेण्डरवानी कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायत के हितग्राही सम्मिलित हुए। यहां भी खाद्य, राजस्व सहित कृशि विभाग की कार्यशैली पर सवाल करते हुए भाजपा नेताओ ने नाराजगी व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय काम–काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अलावा आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से शुरू किए गए सुशासन तिहार के अंतर्गत बालोद जिले में समाधान शिविर जिले के अलग अलग स्थानों में निरंतर आयोजित की जारी है। गुरूर विकासखण्ड के हायर सेकण्डरी स्कूल मैदान पेंडरवानी में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम पेंडरवानी के अलावा ग्राम देवकोट, गंगोरीपार, बासीन, परसुली, डढारी, खुंदनी, पेरपार, अकलवारा, सरबदा, फागुन्दाह, दर्रा, कंवर के निवासी शामिल हुए।

आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पेंडरवानी के शिविर में विधायक संगीता सिन्हा, जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जिला पंचायत सभापति तेजराम साहु व चंद्रिका गंजीर, जनपद सभापति नरेश साहु व संध्या साहु, अजेन्द्र साहु, सरपंच पेण्डरवानी त्रिलोकी साहु एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित थे। भाजपा नेताओं ने किसनों को ▶▶| शेष पेज 10 पर





### भाठागांव आर व कोचवाही में 19 को समाधान शिविर

बालोद। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सोमवार 19 मई को गुण्डरदेही विकासखण्ड के भाठागांव आर के ग्राम पंचायत भवन के पास एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कोचवाही में हाई स्कूल मैदान में 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि समाधान शिविर में गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव आर में ग्राम रनचिरई, जरवाय, जोरातराई, मुन्देरा, खलारी, खुटेरी भ, भटगांव, डोगीतराई, किलेपार, कसौन्द्या, परसाही, मचौद, रूद्रा, तवेरा, राहूद, सकरौद के निवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के हाई स्कूल मैदान कोचवाही के समाधान शिविर में ग्राम धानापुरी, हितेकसा, सोनईडोंगरी, नारागांव, बड़भूम, करेंझर, पोंड़ के निवासियों के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### प्रज्ञा पुराण कथा एवं 5 कुंडीय दीप यज्ञ 19 से

**बालोद।** ग्राम चारवाही मे गायत्री प्रज्ञा पीठ व महिला मण्डल चारवाही द्वारा राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ के तहत नारी सशक्तिकरण अंतर्गत श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा व 5 कुण्डलीय दीप महायज्ञ का आयोजन 19 मई से 21 मई तक किया गया है। जिसमे आगंतुकों को भारतीय वेशभूशा मे आने की अपील की गई है। 19 मई को दीप प्रज्वलन कार्यक्रम मे सरपंच ग्राम चारवाही दीप मलिका, हुकुमचंद साहू, ढेलूराम, मानसिंह साहू, खिले"वरी साहू एवं प्रज्ञा महिला मण्डल चारवाही व सहयोगी तोके"वरी साहू, टामे"वरी साहू, जगन्नाथ सोरी तथा सदस्य उपस्थित रहेंगे। 19 मई को दोपहर 3 बजे मंगल कलश शोभायात्र एवं संध्या कालीन संगीत प्रवचन व श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जागा। 20 मई को प्रातः 6 बजे ध्यान साधना एवं प्रज्ञायोग व प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक गायत्री महायज्ञ तथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। 21 फरवरी को प्रातः 6 बजे ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग व प्रातः 9 बजे से गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार व पूणहूति तथा दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा, टोली की बिदाई, अमृताशन वितरण किया जाएगा।

### ठेठवार समाज का शपथ ग्रहण कार्यक्रम 18 को

**बालोद।** बालोद राज ठेठवार यादव समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं पदभार हस्तांतरण का कार्यक्रम 18 मई को रखा गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ताम्रध्वज यादव, महासचिव एलेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष हेमंत यादव को पद का हस्तांतरण, निवृत्तमान हो रहे अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद यादव, महासचिव पवन यादव, कोषाध्यक्ष चेतन यादव द्वारा किया जाएगा। 3 वषऍय कार्यकाल के लिए ठेठवार समाज बालोद राज के समस्त ग्राम प्रमुखगण, मंडल अध्यक्ष तथा नई कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे तथा अपने पद की गरिमा बनाए रखने हेतु शपथ लेंगे। यह कार्यक्रम 18 मई को दोपहर 11 बजे से ठेठवार भवन गंजपारा बालोद में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलदेव यादव एवं कार्यालय सचिव जयप्रकाश यादव ने दी है।



### गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में गीता शामिल

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम कलंगपुर निवासी डॉ गीता विश्वकर्मा ने गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड मे अपना नाम दर्ज कराया, साथ ही तीन अन्य साहित्यिक संस्था से भी सम्मानित हुई। रायपुर में आयोजित भव्य छंदबद्ध वृहद हिंदी व्याकरण विश्व स्तरीय पद्य संकलन का विमोचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह पुस्तक गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हुआ है, इसमें हिंदी व्याकरण को बिना किसी परिवर्तन के छंदों में बांधा गया है। जिसको पूर्ण करने में 111 साहित्यकारों ने 117 प्रकार के छंद से रचना समर्पित किए हैं, शामिल सभी साहित्यकारों को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस पुस्तक में डॉ गीता की 12 प्रकार के छंद संकलित हैं। इस पुस्तक का संपादन छत्तीसगढ़ के साहित्यकार संपादकत्रय इंद्राणी साहू सांची, पदमा साहू पर्वणी और निरामणि श्रीवास नियति के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ पीसी लाल यादव थे और अध्यक्षता ▶▶| शेष पेज 10 पर

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर दी रोकथाम की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला बालोद में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के निर्देशानुसार राष्ट्रीय डेंगू दिवस थीम अनुसार देखे, साफ करे, ढ़के, डेंगू कों हराने का उपाय करे के अनुसार मनाया गया। ज्ञात है कि वर्ष 2016 सें 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद डॉ. एमकें.सूर्यवंशी कें निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मितानिन भवन बालोद में किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा डेंगू रोग के संबंध में शीघ्र जाच, त्वरित उपचार तथा रोकथाम कें बारें में विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेन्द्र सिंह, सहायक जिला मलेरिया अधिकारी, आर.के.सोनबोइर, खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सेवता, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीन नायक स्थानीय पर्यवेक्षक एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन प्रशिक्षक, मितानिन, तथा कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित थे।

## नगर की दो बेटियां नेहा व साक्षी ने चुना संयम का पथ, बीकानेर में होंगी दीक्षा

### दोनों ही मुमुक्षु बहनों का भव्य वरघोडा व अभिनंदन समारोह 20 को आयोजित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के जैन समाज की दो और बेटियों ने संयम पथ का मार्ग चुना है। नेहा डोसी व साक्षी भन्साली चार मई को राजस्थान के बीकानेर में अपने धर्मगुरु आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा के मुखारविंद से चार मई को दीक्षा ग्रहण कर नवकार महामंत्र के पांचवें पद में आरूढ़ होकर जिनशासन की प्रभावना करेंगी। दीक्षा के बाद दोनों ही बहनों का नया नामकरण होगा व आजीवन साध्वी वेश धारण कर स्व व परकल्याण के मार्ग पर अग्रसर रहेंगी। मुमुक्षु नेहा व साक्षी के दीक्षा महोत्सव हेतु नगर के संघ समाज के द्वारा भी वृहद रूप से तैयारियां की जा रही है।इस हेतु आगामी बीस मई को संघ समाज के द्वारा दोनों ही मुमुक्षु बहनों का भव्य वरघोडा व अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम रखा गया है।बीस मई को सुबह आठ बजे से नगर के स्थानक भवन से भव्य वरघोडा निकाला जाएगा जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नगर स्थित मंडी प्रांगण में संपन्न होगी।इस दौरान दोनों ही मुमुक्षु बहने पारिवारिक जनों के साथ भव्य रथ सदृश बग्घी में सवार होकर आमजनों का अभिवादन स्वीकार करते हुए स्वयं भी जाने अनजाने हुए गलतियों की क्षमायाचना करते हुए नगर जनों का अभिवादन करेंगी।शोभायात्रा के दौरान मुमुक्षु बहनों के द्वारा वर्षीदान भी दिया जाएगा।



#### मंडी प्रांगण में अभिनंदन समारोह

शोभायात्रा वरघोड़ा के पश्चात दस बजे से अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम नगर के मंडी प्रांगण में सम्पन्न होगा।नगर के संघ समाज सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए संघ समाज के द्वारा दोनों ही मुमुक्षुओं व उनके पारिवारिक जनों का अभिनंदन किया जाएगा।उपस्थित अतिथियों सहित मुमुक्षुओं बहनों के उदगार होंगे।जिसमें संघ समाज नगर क्षेत्र व पारिवारिक जनों के योगदान व संयम पथ की महत्ता व विभिन्न धार्मिक विषयों पर वे अपनी बातें रखेंगी।उल्लेखनीय है कि इस वर्ष नगर की एक और बेटी राखी सांखला ने भी संयम का मार्ग चुनते हुए दीक्षा अंगीकार किया था। सात फरवरी को राजस्थान के नोखा शहर में उन्होंने अपने धर्मगुरु आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा के मुखारविंद से दीक्षा ग्रहण किया था।दीक्षा के बाद के रामरक्षाश्रीजी मसा के नए नामकरण के साथ वे राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में विचरण करते हुए जिनशासन की प्रभावना कर रही है। राखी के बाद इन दोनों बहनों की दीक्षा के बाद इस वर्ष नगर से कुल तीन दीक्षा हो जाएगी।

## नपं अधिकारी को हटाने की मांग, लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

■ नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों ने खोला मोर्चा

नगर पंचायत डोंडी के अधिकारी संतोष देवागन की अनदेखी और लापरवाह कार्य प्रणाली से नाराज अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर और पार्षद हितेंद्र धनकर, यदुनदन, अनिल निर्मलकर सहित भाजपा के वरिष्ठ दिनेश अग्रवाल, प्रेम शुक्ला, नीलेश जायसवाल, मंडल कोषाध्यक्ष विशाल जैन, रुपेश जैन ने अधिकारी को हटाने के लिए मुहीम चलाई है। उनका आरोप है कि अधिकारी की लापरवाही के कारण नगर पंचायत के कामकाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों ने कहा कि अधिकारी की अनदेखी के कारण नगर पंचायत के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि अधिकारी को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए और उनकी जगह पर एक योग्य और ईमानदार अधिकारी को नियुक्त किया जाए। इस मामले में नगर पंचायत के अध्यक्ष चौरका ने कहा कि वे अधिकारी की लापरवाही के खिलाफ उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे और अधिकारी को हटाने के लिए कार्रवाई भी करेंगे। नगर पंचायत के उपाध्यक्ष व पार्षदों ने भी अध्यक्ष के साथ एकजुटता दिखाई है और अधिकारी को हटाने के लिए समर्थन दिया है। अब देखना यह है कि उच्च अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं।

## बीपीएल में पंजीयन नहीं होने पर दिव्यांग लाभ से है वंचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत ओरमा निवासी ओमप्रकाश सोनकर पिता मोहनलाल लगभग 17 साल से 80 प्रतिशत विकलांग है। इसके बावजूद वे शासन की योजनाओं से वंचित है। आपको बता दे कि ओमप्रकाश सोनकर के परिवार का गरीबी रेखा में नाम नहीं होने कारण 80 प्रतिशत विकलांग युवा को सरकार की योजना से वंचित रहना पड़ रहा है।

दिव्यांग की मां रमतुला सोनकर ने 2 दिन पहले ग्राम पंचायत में आकर सरपंच को समस्या बताया था, तभी सरपंच मंजूलता परस साहू ने मामला को संज्ञान में लेते हुए दूसरे दिन घर पहुंच कर दिव्यांग का हाल–चाल जाना। सरपंच मंजूलता परस साहू ने उनके निवास पहुंचकर दिव्यांग ओम प्रकाश सोनकर से मिलकर हाल–चाल जाना। तब दिव्यांग ओम प्रकाश ने सरपंच को आप बीती बात बताया। तत्काल इस मामले को लेकर सरपंच मंजूलता ने कलेक्टर को पत्र लिखा। सरपंच मंजूलता ने कहा 80 प्रतिशत दिव्यांग को योजना में शामिल करने की मांग करेंगे।

दिव्यांग ओमप्रकाश ने बताया उन्होंने 12 वीं तक पढ़ाई किया है आज 32 साल की उम्र में उन्होंने लगभग 17 साल से शरीर में 80 प्रतिशत विकलांग हो चुके हैं। वह हमेशा कुसऍ व बेड पर बैठे रहते हैं। ओमप्रकाश के परिजन भी राज्य शासन की योजना से वंचित होने से काफी दुखी महसूस कर रहे हैं। उक्त मामले में सरपंच मंजूलता ने दिव्यांग को भरोसा दिलाया और कहा कि शासन की जो भी योजना आएगा उसके लिए मैं प्रयास करूंगी।



गांव में रोजगार का आधार मनरेगा मजदूरी में राज्य शासन द्वारा बजट में कटौती कर दी है। पांच साल पहले वर्ष 2020-21 में जहां प्रदेशभर में 1841 लाख था, जो इस साल शासन ने वर्ष 2025-26 में इसे कटौती कर 850 लाख कर दिया गया है। यानि पांच साल में मजदूरी बजट सिमटकर के के दिन आधी हो गई है। बजट कम होने से मजदूरी दिवस भी कम हो गया हैं। जिसे लेकर प्रदेशभर में मजदूर संघ और कांग्रेसी विरोध कर रहे हैं।

# 5 साल में मजदूरी बजट आधा | बेरोजगार हो जाएंगे गांव के मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महात्मा गांधी रोजगार योजना के जरिए ही गांव में कई योजनाओं के तहत कार्य कराए जा रहे है। वर्तमान में मनरेगा कार्य गांव में बंद हो गए है। दुर्ग जिले में भी मनरेगा कार्य ठप है। प्रदेश की बात करे तो मजदूरी दिवस भी कम कर दी गई है। जिसे लेकर कांग्रेसी भी इन दिनों मुखर दिख रहे है। दुर्ग जिले में इसे लेकर कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को बडा प्रदर्शन करने की तैयारी है। इस प्रदर्शन में दुर्ग शहर व ग्रामीण सहित भिलाई संगठन के नेता भी शामिल होगें। दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर का कहना है कि, केंद्र और राज्य सरकार मिलकर मनरेगा खत्म करने कर रहे साजिश की जा रही हैं। कांग्रेस सरकार में 42 लाख मानव दिवस था, जिसे भाजपा सरकार ने घटा कर 18 लाख कर दिया है। श्रमिकों को पर्याप्त रोजगार नहीं मिलने से छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं।

अलग खबर

## वर्ष 2020-21 में 1841 लाख, वर्ष 2025-26 में 850 लाख रह गया



### बजट की स्थिति

| वर्ष | बजट मानव |
|---|---|
| 2021-21 | 1841 लाख |
| 2021-22 | 1560 लाख |
| 2022-23 | 1200 लाख |
| 2023-24 | 1250 लाख |
| 2024-25 | 1100 लाख |
| 2025-26 | 850 लाख |

प्रदर्शन करेंगे



"जिले में सक्रिय मनरेगा मजदूरों की संख्या लगभग डेढ़ लाख है। इस कारण केवल दस हजार मजदूरों को मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में काम मिल रहा है। अन्य वर्षों की तुलना में इस समय 40 से 50000 मजदूर जिले में मनरेगा में कार्यरत होते थे। आज इस विषय पर प्रदर्शन करेंगे।

**-राकेश ठाकुर**, जिलाध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस

### जिले में 35 फीसदी रह गया मानव दिवस

दुर्ग जिले में मनरेगा के तहत 42 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य किया था। लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले वर्ष इसे घटाकर 32 लाख मानव दिवस कर दिया गया था और वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में इसे और घटकर 18 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य दिया गया है, जो कि केवल 35 प्रतिशत हो जाता है। जो ग्रामीण मजदूरों के आजीविका को प्रभावित करता है।

## खबर संक्षेप

### छात्रों से जबरन वसूली की डीईओ से शिकायत

**दुर्ग।** हिन्दू युवा छात्र मंच ने आज दुर्ग जिले के तितुरडीह स्थित आत्मानंद विद्यालय में घटित एक गंभीर अनियमितता का खुलासा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से तुरंत जांच और कार्यवाही की मांग की है। हिन्दू युवा छात्र मंच जिला प्रभारी आलोक खापर्डे ने बताया कि कक्षा 7वीं के छात्र अजय सिंह को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 10,000 की छात्रवृत्ति राशि प्राप्त हुई थी, जिसे स्कूल की प्राचार्या द्वारा अनुचित तरीके से विद्यालय में जमा कराने के लिए दबाव बनाया गया। जिला सह संयोजक शिवांश वैष्णव ने बताया कि, छात्र को स्कूल में रोककर उसके पिता को बुलाया गया और टीसी देने की धमकी देकर जबरन राशि स्कूल में जमा करवा ली गई। हिन्दू युवा छात्र मंच ने इसे छात्र अधिकारों का खुला उल्लंघन बताया और कहा कि, यदि इस प्रकरण में शीघ्र निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो मंच छात्रहित में एक प्रचंड आंदोलन के लिए बाध्य होगा। हिन्दू युवा छात्र मंच ने दोषी प्राचार्या के विरुद्ध कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्यवाही की जाए तथा पीड़ित छात्र एवं उसके परिवार को न्याय दिलाया जाए। इस दौरान हिन्दू युवा मंच संयोजक गोविंद राज नायडू, प्रदेशाध्यक्ष कुमार नायर, संगठन महामंत्री राजेश शर्मा, कमल रणदीवे सहित अन्य थे।

### राजू लाल बने विधायक प्रतिनिधि

**भिलाई।** ग्राम मोरिद भिलाई तीन निवासी राजू लाल नेताम को



अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के उद्योगिक क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। इनकी नियुक्ति अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा ने किया है। उद्योग विभाग के सभी बैठकों में विधायक के अनुपस्थिति में यहां की सारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर पाएगें।

### ठेठवार यादव समाज पाटन राज की बैठक आज

**पाटन।** ठेठवार समाज पाटन राज की कार्यकारिणी की बैठक 17 मई को दोपहर 1 बजे से पाटन स्थित सामाजिक भवन में रखा गया है। बैठक में सभी सदस्यों एवं समस्त पदाधिकारियों, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, सचिव सहित सभी पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

## विरोध प्रदर्शन : धनोरा सहित आधा दर्जन गांव के किसान सड़क पर उतरे

# मुआवजा के लिए सड़क पर उतरे दो दर्जन किसान गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

*भारतमाला परियोजना से प्रभावित किसान मुआवजा गणना में गडबडी और राशि जारी किए जाने की मांग को लेकर गुरूवार को सडक पर उतर गए थे। किसानों ने मुआवजा में गडबडी किए जाने का आरोप लगाकर काम रोका और जमकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान किसान सडक पर बैठ गए थे। सुबह से दोपहर तक चले इस प्रदर्शन के बीच मुख्यालय तक हडकंप मच गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी पहुंच गए थे।*

दो दर्जन किसानों को गिरफ्तार कर केन्द्रिय जेल लाया गया। भारतमाला परियोजना से प्रभावित गांव खम्हरिया, बोरीगारका, हनौदा, धनोरा सहित आधा दर्जन गांव में पिछले लंबे समय से काम बंद था, लेकिन गुरूवार को नेशनल हाईवे द्वारा काम शुरू किए जाने से किसान सडक पर उतर गए थे। जहां तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। उल्लेखनीय है कि, राजनांदगांव के टेडेसरा से लेकर आरंग तक सिक्सलेन कारीडोर निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान कई किसानों ने मुआवजा में गडबडी किए जाने का आरोप लगाया है। पीडित किसानों ने बताया कि, संभागायुक्त के कोर्ट में अपील भी लगा चुके है। उन्होने कहा कि, मामले की सुनवाई कोर्ट में जारी हैं, जिसे लेकर उन्होने कहा काम बंद किया जाए। इस दौरान बोरीगारका, हनौदा, पुरई सहित धनोरा के दो दर्जन किसान सडक पर उतर गए थे। मौके पर अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खुंटे व क्षमा यदु, पद्नाभपुर टीआई राजकुमार लहरे सहित अधिकारी पहुंच गए थे। जहां उनके आश्वासन के बाद भी किसान नही माने और गिरफ्तार कर बस के जरिए केन्द्रिय जेल लाया गया। इस दौरान शिव चंद्राकर, महेन्द्र चोपडा, रोहित साहू, बालमुकुंद तिवारी, काजल देवांगन, सीमा कुजूर, केकटी रावटे, नीलम ठाकुर, चंद्रकांत साहू, जागेश्वर पटेल, दिलीप यादव, नरेन्द्र देवांगन, चंदन और मुकुंद बागडे सहित दो दर्जन किसानों ने गिरफ्तारी दी। तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने बताया कि, निर्माण कार्य का विरोध करने और शांतिभंग करने पर किसानों पर कार्यवाही की गई हैं। उन्होने कहा अवार्ड पारित होने के बाद भी किसान कब्जा एनएचईआई को कब्जा देने में व्यवधान उत्पन्न कर रहे थे।

हरिभूमि लगातार

### नाराज किसानों ने कहा- कोर्ट में चल रही सुनवाई, आधा दर्जन महिलाएं भी गिरफ्तार



### किसानों का सवाल, पहले आपत्ति का करें निराकरण

धनोरा में काम रोकने पहुंचे किसानों का कहना है कि, अवार्ड पारित होने के बाद उन्हे जब पत्र मिला तो कई गडबडी की जानकारी मिली है। इसमें सबसे ज्यादा प्रकरण वर्गमीटर का हेक्टेयर में किए जाने का है। ऐसे किसान संभागायुक्त कोर्ट में अपील भी लगा चुके है। किसानों ने कहा कि, कोर्ट में अपील के बाद सुनवाई हो रही है, जब तक फैसला नही आ जाता, तब तक काम बंद किया जाए। इसी मामले को लेकर वे सडक पर उतरे थे। लेकिन प्रशासन ने पुलिस जवानों सहित पहुंचकर दल बल के साथ उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### पटवारियों ने नामांतरण में कर दी गड़बड़ी

परियोजना में कुछ प्रकरण ऐसे भी है, जिसमें अवार्ड पारित होने के बाद पटवारियों ने तिथि अंकित करने में गडबडी कर दी। नियमतः अवार्ड 12 फरवरी 2018 के पहले का होना है। इसमें कई किसानों का नामांतरण पंजी में पटवारियों ने तिथि के जगह माह और माह के जगह तिथि का उल्लेख कर दिया हैं। जिससे किसान त्रुटि सुधार कराने के चक्कर में अपील नही कर पा रहे है। किसानों का कहना हैं कि, यह सोची समझी साजिश है, जिससे काम बंद न किया जा सके।

### किसानों ने बताई अपनी ऐसी पीड़ा

- हरिभूमि ने ग्राउंड जीरो में पहुंचकर पीडित किसानों से बातचीत की तो किसान हर्ष देशमुख ने बताया उनका 25 लाख का मुआवजा बना है, लेकिन कलेक्टर गाइड बताकर तीस फीसदी काटकर मुआवजा दिया जा रहा हैं। यही सुदर्शन देवांगन और हेमंत कुमार ने बताई।
- चंद्रकांत साहू ने बताया उनक दो सौ वर्गमीटर है। नियमत: पांच सौ वर्गमीटर से कम होने पर गणना वर्गमीटर में की जाती है। लेकिन उनके जमीन का हेक्टेयर में गणना कर तीन लाख 36 हजार मुआवजा दिया गया, जबकि वर्गमीटर में 24 लाख 98 हजार होता है। इसी का विरोध वो कर रहे थे। यही समस्या केकती बाई, दुर्गेश निर्मलकर, चंद्रकांत साहु और ममता यादव ने बताई।
- इसी तरह महेन्द्र चोपडा, रोहित साहू, बालमुकूंद तिवारी, काजल देवांगन, सीमा कुजूर, केकती रावटे ने बताया कि, अवार्ड पारित होने के कारण उन्हें अब तक मुआवजा राशि तक जारी नही किया है। किसानों ने बताया कि, वर्ष 2018 में अवार्ड पारित हुआ हैं और अवार्ड पत्र उन्हें पिछले साल मिला है। जिसमें उन्होने आपत्ति दर्ज कोर्ट में कराई हैं।

### बांड भराने किसानों पर दबाव डालने का प्रयास

किसानों ने बताया कि, गिरफ्तारी के बाद प्रशाशन द्वारा बांड भरने दबाव डाला जा रहा था। जिसमें आगामी छः माह तक कार्य प्रभावित करने पर पचास हजार तक जुर्माना और छः माह की सजा का प्रावधान है। अधिकारी किसानों पर जमानत देने के पहले बांड पेपर पर दस्तखत कराने अडे रहे। जिसका किसानों ने विरोध किया और दस्तखत करने से भी इंकार कर दिया। हांलाकि देर रात किसानों को छोड दिया गया।

## कार्रवाई की रखी मांग

# सेजस में नियम विरूद्ध भर्ती की शिविर में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्राचार्य पद में नियम विरुद्ध की गई भर्ती का मामला सुशासन तिहार के समाधान शिविर में सामने आया है। यहां शिकायतकर्ता ने लिखा हैं कि, सीनियर शिक्षक को दरकिनार कर गलत तरीके से जूनियर शिक्षको को प्रचार्य बना दिया गया है।

इस मामले में कडी की मांग की गई है। इससे पहले भी जिले में आत्मानंद स्कूल में गलत तरीके से भर्ती किए जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। दुर्ग जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्राचार्य पद की नियम विरुद्ध भर्ती हुई है। जिसमे छत्तीसगढ़ शासन की शिक्षा विभाग अंतर्गत महती योजना के तहत स्वामी आत्मानंद स्कूलों में कई प्राचार्यो के पद को नियम को दरकिनार करते हुए वरिष्ठ व्याख्याता के जगह पर अति कनिष्ठ व्याख्याता को पदस्थापना दिया गया है। ऐसे कई व्याख्याता है, जिनकी विभाग में सेवाकाल मात्र 8-9 साल ही हुए है। फिर भी सरकार की इतनी बड़ी महत्वाकांक्षी योजना की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी दी गई है। शिकायत में लिखा गया है कि, दीपक नगर स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य, खम्हरिया स्वामी आत्मानंद प्राचार्य,

- जूनियर शिक्षकों को प्राचार्य बनाकर सीनियर की अनदेखी

सेजस पाटन प्राचार्य के पद पर अति कनिष्ठ व्याख्याता एलबी को प्राचार्य बनाया गया जो नियम विरुद्ध है। खम्हरिया स्कूल में प्राचार्य की कलेक्टर से शिकायत भी हुई थी, लेकिन मामला दबा दिया गया। आयुक्त ज्ञापन देते हुए संदीप पटेल ने मामले की सम्पूर्ण जांच करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ व्याख्याता रखने वाले उम्मीदवारों को यह जिम्मेदारी वाला पद पर पुनः भर्ती करने की मांग की गई।

### डीईओ के निर्देश बाद भी अटैचमेंट

जानकारी अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा द्वारा विगत 22 अप्रैल 2025 को एक निर्देश जारी कर अटैंचमेंट समाप्त किया था। लेकिन इसके बाद भी कई आत्मानंद स्कूलों में शिक्षक अपने मूल स्कूल में नही लौटे हैं। निर्देश में कहा था कि, तत्काल एकल, शिक्षकहीन स्कूलों के शिक्षक को कार्यमुक्त किया जाए। जानकारी मिली हैं कि, दुर्ग शहर के दीपक नगर स्कूल में दो शिक्षको को अटैचमेंट पर रखा गया हैं।

### होगी कार्रवाई

"मैने तीस अप्रैल तक जो भी अटैंचमेंट पर शिक्षक है। उन्हें कार्यमुक्त करने आदेश जारी किया था। अगर ऐसा है तो जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी।

**-अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

# ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी अब नहीं करेंगे ऑनलाइन काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ जिला दुर्ग को ज्ञापन सौंपा हैं। जिसमें संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण रात्रे ने बताया कि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी को ऑनलाइन एंट्री ऑनलाइन ऑपरेटर से कराए जाने हेतु मांग किया गया एवं एंट्री के संबंध में होने वाली तकनीकी एवं अन्य समस्याओं को अवगत कराया। इसके निराकरण हेतु संघ के प्रतिनिधियों से शासन स्तर से चर्चा की मांग की गई। समस्याओं का निराकरण नहीं होने तक समस्त प्रकार के ऑनलाइन कार्य करने में असमर्थता का उचित कारण के साथ शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। संघ द्वारा विभिन्न कारणों के साथ आपत्ति दर्ज करते हुए कार्य उत्तरदायित्व को संशोधन की मांग की गई। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संवर्ग के प्रशिक्षण शैक्षणिक योग्यता एवं आहार्ता मे क्लीनिकल, नर्सिंग संबंधी कार्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के संपादन एवं क्रियान्वयन शामिल है। ऑनलाइन संबंधी तकनीकी कंप्यूटर ज्ञान शामिल नहीं है, संघ के समस्त पदाधिकारी पंकज राठौर, राकेश सार्वा, उत्तरा साहू, चित्रसेन, अंशुमान, टेमन,यशवंत, चंद्रकांत, प्रदीप, नीलकमल, ज्योति, कविता, चेतना, योगेश्वरी, ललिता एवं जिले के समस्त ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी उपस्थित रहे।

- सीएमएचओ जिला दुर्ग को सौंपा ज्ञापन

## कैट करेगा दुश्मन देशों के उत्पादों का बहिष्कार

**दुर्ग।** भारत के साथ विभिन्न देशो के बीच जारी संघर्ष के चलते कैट ने दूसरे देशों के उत्पादों का बहिष्कार करने का फैसल लिया है। कैट के सदस्यों ने बताया कि, हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान तुर्की की भारत विरोधी भूमिका ने स्पष्ट कर दिया है कि, कौन भारत का सच्चा मित्र है और कौन छुपा शत्रु। तुर्की ने पाकिस्तान को हथियार, तकनीकी सहायता और ड्रोन तक उपलब्ध कराकर भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचा है। इसी संदर्भ में कैट (कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) छत्तीसगढ़ ने यह बड़ा निर्णय लिया है कि, अब भारत में तुर्की, अज़रबैजान और उज्बेकिस्तान से आने वाले उत्पादों का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। यह घोषणा कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला एवं प्रदेश चेयरमैन पवन बड़जात्या ने एक संयुक्त बैठक में की हैं। उन्होंने कहा कि, भारत अब उन देशों से व्यापारिक दूरी बनाएगा, जो भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। दुर्ग के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अली हिरानी, महामंत्री विनय कश्यप, वरिष्ठ पदाधिकारी संजय चौबे एवं प्रह्लाद रूंगटा, पीयूष देसलहरा, दर्शन लाल ठाकवानी, रवि केवलतानी, पायल जैन समेत व्यापारी समुदाय के कई प्रतिनिधियों ने समर्थन व्यक्त किया है।

- तुर्की, अज़रबैजान और उज्बेकिस्तान से व्यापार

## कट्टापार में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**भिलाई।** बीएसपी के दुल्की माइन्स के सीएसआर के अंतर्गत ग्राम कट्टापार में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का संपन्न हुआ। शिविर में लोगों की सामान्य जांच के साथ ही शुगर, बीपी आदि की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। 29 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया। बीएसपीअपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है।

# बीस दिन तक बच्चे खेलों में दिखाएंगे दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा स्कूली बच्चों के लिए आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को को भिलाई के विभिन्न खेल परिसरों, स्कूल के हॉलों और मैदानों में प्रारंभ कर दिया गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए यह प्रशिक्षण शिविर 5 जून तक जारी रहेगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक विजय शर्मा, उप महाप्रबंधक व पूर्व ओलम्पियन राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक सहित क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी तथा सभी खेलों के आईएनएस कोच एवं प्रशिक्षक उपस्थित थे। शिविर के तहत शामिल 22 खेलों एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉल बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाज़ी, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, टेनिस, वॉलीबॉल, योग, खो-खो, कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, साइकिल पोलो, जिम्नास्टिक और नेटबॉल का 25 खेल परिसरों में 15 मई से अनुभवी कोच और प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। एथलेटिक्स का प्रशिक्षण जयंती स्टेडियम एवं आईटीआई-खुर्सीपार में, बैडमिन्टन का प्रशिक्षण इन्डोर स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में, बॉल बैडमिन्टन का प्रशिक्षण बॉल बैडमिन्टन ग्राउंड, सेक्टर-4 में, बास्केटबॉल का प्रशिक्षण बास्केटबॉल कोर्ट, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में तथा बॉक्सिंग का प्रशिक्षण सेक्टर-2 इस्पात क्लब, सेक्टर-8 इस्पात क्लब, इन्डोर स्टेडियम, सेक्टर-1 इस्पात क्लब एवं दिव्यांग खेल परिसर में दिया जा रहा है।



- बीएसपी का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर शुरु

### शतरंज व फुटबाल का प्रशिक्षण यहां

शतरंज का प्रशिक्षण भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के हॉल में, क्रिकेट का प्रशिक्षण सेक्टर-1 इस्पात क्लब एवं बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में, फुटबॉल का प्रशिक्षण पंत स्टेडियम, रिसाली ग्राउंड एवं हॉस्पिटल सेक्टर में, हैंण्डबॉल का प्रशिक्षण ईएमएमएस, सेक्टर-10 एवं हैंडबॉल ग्राउण्ड, सेक्टर -4 में, हॉकी का प्रशिक्षण जयंती स्टेडियम में, जूडो का प्रशिक्षण सेक्टर-4 जूडो हॉल में, पावर लिफ्टिंग प्रशिक्षण सेक्टर-6 पावर जिम में, कबड्डी का प्रशिक्षण पंत स्टेडियम एवं खुर्सीपार में, टेनिस प्रशिक्षण शिविर बीएसपी टेनिस कॉम्पलेक्स, सिविक सेंटर में, वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम, इस्पात क्लब-खुर्सीपार, हुडको एवं सेक्टर-5 में, योगा प्रशिक्षण एसएसएस सेक्टर-10 में, सायकल पोलो प्रशिक्षण एसएसएस, सेक्टर-7 में, कराटे प्रशिक्षण शिविर सेक्टर-5 इस्पात क्लब, इस्पात क्लब-मरोदा, सेक्टर-1 इस्पात क्लब में किया जा रहा है।

## संयुक्त यूनियन ने प्रबंधन से कहा- ब्लड जांच के लिए बढ़ाएं टेक्निशियन

# जेएलएन अस्पताल बना रेफरल सेंटर, कई विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं होने का खामियाजा भुगत रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कुछ साल पूर्व तक मध्य भारत का सबसे बड़ा और सुविधायुक्त सेक्टर नौ जेएलएन अस्पताल अब रेफर सेंटर बनकर रह गया है। डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी के साथ कई समस्याओं का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। लंबित समस्याओं के जल्द निदान के लिए यूनियनों ने बीएसपी प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। संयुक्त ट्रेड यूनियन ने अस्पताल की लंबित समस्याओं के साथ अपने सुझावों पर जल्द अमल किए जाने की मांग की है।

सेक्टर 9 अस्पताल में कई विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिटायर होने से मरीजों को बाहर रिफर करना पड़ रहा है। गंभीर मरीजों को बाहर ले जाने में समय लगता है। इससे मरीजों को परेशानी हो रही है। संयुक्त यूनियन ने रेफरल प्रक्रिया को छोटा व सरल करने और संबंधित बीमारियों के इलाज वाले अस्पतालों की सूची उपलब्ध कराने की मांग की है। सीरियस पेशेंट को रिफर करने ट्रामा एंबुलेस नहीं होने से परेशानी हो रही है। एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध हो। सुबह और शाम के शिफ्ट में डाक्टर द्वारा लिखे गए खून जांच के लिए सेम्पल लेने वाले टेक्निशियन की व्यवस्था नहीं होने से कर्मियों को परेशानी हो रही है। कारपोरेट स्तर के मुताबिक 24 गुना 7 सेंपल ले सकें। टेक्निशियन व्यवस्था कराने की मांग की है। गम्भीर बीमारियों के इलाज के लिए रिफर संबंधित अस्पतालों की सूची उपलब्ध कराने कहा।





**सेक्टर 1 अस्पताल में टोकन सुविधा बढ़े:** सेक्टर 1 अस्पताल में डां. प्रमोद विनायके दोपहर तीन बजे से मरीजों को ओपीडी में देखते हैं। मरीजों को टोकन केवल केवल सुबह दिया जाता है जबकि अधिकारियों को तीन बजे के कुछ देर पहले ही टोकन दिए जाते हैं। इस तरह मरीज कर्मियों या उसके आश्रित को पूरे दिन भर सिर्फ अस्पताल के काम में ही लगे रहना पड़ रहा है। मरीज कर्मचारी अधिकारी सभी को दोपहर 3 बजे के पूर्व ही टोकन दिए जाने की व्यवस्था शुरू किया जाए।

### यह हैं प्रमुख मांगें

आंकोलॉजी सर्जरी जैसे विभाग में आन काल वाले डाक्टरों को बुलाने की व्यवस्था करें, एसजीपीजीआई जैसे अन्य अस्पतालों में रिफर किए जाने पर एडवांस के रूप में दिए जाने वाली राशि बढ़ाकर कर एक लाख किया जाए।सेक्टर 9 अस्पताल में मरीज को प्लेटलेट्स दिए जाने की स्थिति में डोनर द्वारा खून डोनेट किए जाने से तीन महीने तक दुबारा खून डोनेट नहीं कर सकते हैं। इसलिए खून से सिर्फ प्लेटलेट्स निकालने की मशीन और किट अस्पताल प्रबंधन उपलब्ध कराए । साइकिल स्टैंड की व्यवस्था शीघ्र ठीक हो, टेलीफोन नंबर द्वारा डाक्टर के एप्वाइंटमेंट का कोटा निर्धारित किया जाए, यूरालाजी डाक्टर की नियुक्ति जल्द हो। नेफ्रोलॉजी के डॉक्टर वर्कलोड या अन्य कारणो से परफॉर्मेंस सही सेपरमानेंट डॉक्टर की व्यवस्था किया जाए या न्यूरो एवं कार्डियोलॉजी की तरह आउटसोर्स में डॉक्टर बुलाया जाए। सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि संयुक्त यूनियन व बीएसपी के कार्यपालक निदेशक की बैठक में अस्पताल की समस्याओं व सुझावों के जल्द निदान पर जोर दिया गया। प्रबंधन ने आश्वासन दिया है। बैठक में ईडी ( स्वास्थ्य व चिकित्सा) सीजीएम डां. उदय, जीएम जेएन ठाकुर, विकास चंद्रा, शाहिद अहमद व एजीएम रोहित हरित उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## ऐतिहासिक पुत्री शाला के भवन को तोड़ने का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

**दुर्ग।** शहर के ऐतिहासिक पुत्री शाला के भवन को टंकी निर्माण के नाम पर तोडऩे का मामला अब हाईकोर्ट पहुंच गया है। भवन के ऐतिहासिक और जर्जर नहीं होने के बाद भी शिक्षा विभाग ने नगर पालिक निगम को तोडऩे की अनुमति देकर चाबी सौंप दी है। वहीं निगम प्रशासन भवन को तोडऩे के लिए कक्ष को खाली करने दबाव बना रहा है। इसे लेकर पालकों की ओर से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पुर्णेंद्र खिचरिहा ने हाईकोर्ट में याचिका दर्ज कराई है। हाईकोर्ट ने पालकों की याचिका स्वीकार कर ली है। याचिकाकर्ताओं के मुताबिक जल्द तिथि तय कर मामले की सुनवाई शुरू की जाएगी। बता दें कि नगर निगम द्वारा शिक्षक नगर में पुरानी व जर्जर टंकी को तोड़कर उसकी जगह नई टंकी का निर्माण प्रस्तावित है।
नगर निगम प्रशासन पुरानी टंकी और इसके आसपास नजूल की खाली जमीन की जगह को छोड़कर ऐतिहासिक पुत्री शाला के भवन को तोड़कर नई टंकी निर्माण की तैयारी कर रहा है। दूसरी ओर स्कूल में पढऩे वाले बच्चे और उनके पालकों के साथ स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

## मकान से नकदी समेत 3 लाख का सामान पार

**भिलाई।** मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी पार करने के मामला सामना आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धार 305 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि एचआईजी 2353, हाउसिंग बोर्ड निवासी सिद्धार्थ मिश्रा पावर हाउस मार्केट में गारगी जनरल स्टोर्स का संचालक है। मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी रकम की चोरी हो गया है। अपने रिश्तेदार और काम करने वाले लोगों से पूछताछ भी किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। 3 मई को पत्नी अपने मायके जाने के लिए समान की पैकिंग करने के लिए आलमारी खोलने पर सोने का ब्रेसलेट, कान की बाली, चैन, अंगूठी और नगद 50 हजार रुपए गायब मिला। खबर लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरु किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। परिवार में तीन घरेलू सहायक के रूप में महिलाएं काम करती है। इसमें से रामेश्वरी को घर के बच्चों द्वारा आलमारी के आस पास संदिग्ध अवस्था में कई बार देखा है। मकान से करीब 4 लाख रुपए का सामान गायब मिला है। शहर में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही है। इसके चलते पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे है। अब तक माह भर में छोटी-बड़ी चोरियां मिलाकर तीन दर्जन घटनाएं हो चुकी है। लेकिन पुलिस इसका खुलासा अब तक नहीं कर पाई है।

## युवती का अश्लील फोटो वायरल, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** युवती का इंस्टाग्राम में अश्लील पोटो अपलोड करने का मामला सामने आया शिकायत पर पलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 79 बीएनएस एवं आईटी एक्ट 67 के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि एक युवती का इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो अपलोड किया गया है। जब फोटो तेजी से वायरल हुआ तो युवती को जानकारी हुई। मामले में युवती के भाई ने पुलिस में शिकायत किया। घटना में एक परिचित का आरोपी ने इस तरह का घटना को अंजाम दिया है। उसे बदनाम करने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस बीच जब युवती और उसके परिजनों ने इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो देखा तो सभी दंग रह गए। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। वायरल करने वाले आरोपी के तलाश में पुलिस जुटी हुई है। इसके अलावा इंस्टाग्राम को भी साइबर की टीम जांच कर

**शिविर : पीएम आवास स्वीकृति पत्रक, ऋण पुस्तिका, किसान क्रेडिट कार्ड, सुपोषण कीट, खाद व बीज, आयुष्मान कार्ड, श्रवण यंत्र, जाब कार्ड बांटे**

# सुशासन तिहार समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम, सिरसिदा में लगा शिविर







हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत सिरसिदा जगभाठा यज्ञ स्थल में गुंडदेही ब्लॉक के 16 ग्राम पंचायत के समाधान शिविर आयोजित कि गई सुशासन त्योहार समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम आवेदकों के मांग एवं शिकायतों का हो रहा है समाधान इस शिविर में संबंधित पंचायतों का विभिन्न आवेदन निराकृत किया गया प्राप्त आवेदन का विभागीय विभागीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता पूर्वक निराकरण कर समाधान शिविर के माध्यम से आवेदकों को अवगत कराया जा रहा है इस शिविर में शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रक, ऋण पुस्तिका पत्रक, कृषक को किसान क्रेडिट कार्ड, बच्चों को सुपोषण कीट, किसानों को खाद बीज, आयुष्मान कार्ड वितरण, श्रवण यंत्र वितरण, मनरेगा जाब कार्ड वितरण, शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने करकमलों से हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया गया, इस समाधान शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख,जिला पंचायत अध्यक्ष तारणि पुष्पेन्द्र चंद्राकर, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, जनपद अध्यक्ष पुरूषोतम लाल चंद्राकर,जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, युवराज मार्कण्डेय, प्रमोद जैन,जनपद सदस्य गुलशन कुमार साहू, संध्या खरे, हेमलता देशलहरा, हेमपुष्पा साहू, कौशल किशोर साहू, अश्विनी कटहरे, भाजपा नेता अश्विनी यादव, इंद्रपाल सिंह चंद्राकर,पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, महामंत्री हेमंत साहू, तुलेश्वर चंद्राकर, प्रमोद पटेल, श्रीकांत वर्मा , सरपंच सरस्वती चंद्राकर, रामेश्वरी चंद्राकर,जीवन साहू, दमयंतिन मार्कण्डेय, लक्ष्मी ठाकुर, अनिल सोनी, ज्योति यादव, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, मुख्यकार्यपालन अधिकारी, सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक विरेंद्र साहू ने कहा कि यह शिविर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को आम जनता तक पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ पहुँचाना है।

आज शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया तथा हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं लाभ प्रदान किए गए।






### प्रकरण का तत्काल निराकरण करें

भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का विभाग वाइस सर्वे करे और प्राथमिकता क्रम में संबंधित प्रकरण को तत्काल निराकरण करे । अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चन्द्राकर ने कहा कि सुशासन तिहार का मूल उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक ले जाना है। उन्होंने कहा, हमारा संकल्प है कि राज्य के हर नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचे और कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। सुशासन तिहार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण बन गया है। यह अभियान केवल आवेदन संग्रह या समस्या निराकरण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राज्य के शासन-प्रशासन और जनता के बीच सेतु बन गया है। साथ ही साथ गुण्डरदेही थाना द्वारा अबकारी विभाग भी आये थे,सभी विभाग के यहां स्टार लगा था। इस शिविर में विशेष ओटेबंद भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, इन्द्र जीत चन्द्राकर,जीवन साहू सरपंच का विशेष सहयोग रहा।

# जगभाठा सिरसिदा के समाधान शिविर सौगातों की बारिश







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम जगभाठा सिरसिदा में आयोजित समाधान शिविर मे जगभाठा सिरसिदा कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायत के लोगों के लिए सौगातों भरा रहा। इसी प्रकार गुण्डरदेही विकासखण्ड के जगभाठा सिरसिदा सहित ग्राम ओटेबंद, डौकीडीह, खप्परवाड़ा, सिरसिदा, परसदा डंग, देवरी (क), अर्जुनी, गोरकापार, पांगरी, सुखरी, तमोरा, सिरएँ, तिलोदा, साजा, भेण्डरा, कचान्दुर के निवासी शामिल हुए।

जगभाठा सिरसिदा के समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चन्द्राकर, नगर पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष पुरूषोत्तम चन्द्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, लेखराम साहू एवं ग्रामीणजन मौजूद थे। जगभाठा सिरसिदा कलस्टर में शामिल 16 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 4385 आवेदनों का परीक्षण के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। शिविर मे हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वी—ति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। जगभाठा सिरसिदा में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण के दौरान जगभाठा सिरसिदा कलस्टर के अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 2700, ऊर्जा विभाग को 109, खाद्य विभाग को 347, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 186, समाज कल्याण विभाग को 433 सहित कुल 4385 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। सभी विभाग के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरान्त सभी आवेदनों के निराकरण करने की जानकारी दी गई।



### लोक कलाकारों ने योजनाओं की रोचक जानकारी

**बालोद।** सुशासन तिहार–2025 के तहत आयोजित समाधान शिविरों में लोककला संस्था अपने गीत–संगीत के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को जन–जन तक पहुंचा रही है। यह कलाजत्था अपने सुमधुर और प्रभावशाली प्रस्तुतियों के जरिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रें में लोगों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक कर रहा है, जिससे शिविरों में उत्साह और सहभागिता का माहौल बन रहा है। सुशासन तिहार–2025, जो 8 अप्रैल से 31 मई तक तीन चरणों में आयोजित हो रहा है, का मुख्य उद्देश्य जनसमस्याओं का त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। इस अभियान के तृतीय चरण में 5 मई से 31 मई तक राज्यभर में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में बालोद जिले की सुरमोहनी लोककला संस्था की प्रस्तुतियां न केवल मनोरंजन का साधन बन रही हैं, बल्कि ये लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसी योजनाओं की जानकारी सरल और आकर्षक ढंग से प्रदान कर रही हैं। लोककला संस्था के प्रमुख ने बताया हमारा उद्देश्य कला के माध्यम से शासन और जनता के बीच सेतु बनाना है। गीत और संगीत के जरिए हम योजनाओं की जानकारी को इस तरह पेश करते हैं कि वह लोगों के दिल तक पहुंचे और वे इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित हों।

# थाने के सारे रिकार्ड एक हफ्ते में करें दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एसएसपी विजय अग्रवाल थाना सुपेला पहुंचे। जहां विवेचकों की बैठक लेकर लंबित मामलों के निराकरण के लिए सात दिनों के भीतर पूरा करने की हिदायत दी है। धोखाधड़ी एवं ठगी के वारदातों को लेकर विवेचकों को मार्गदर्शन दिया। शरीर, संपत्ति से जुड़े अपराधों के निकालने के लिए विवेचको को तरीके भी बताए गए।

नए कानून में दिए गए प्रावधान अनुसार बीएनएस के तहत दर्ज प्रकरणों को 60 व 90 दिनों में निराकरण करने का निर्देश भी एसएसपी ने दिया है। थाने स्तर पर संधारित समस्त रिकार्ड को एक सप्ताह के भीतर अद्यतन करने को कहा गया है। एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि थाने में पहुंचने वाले शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। फरियादियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना आए। इसके अलावा थाना क्षेत्र में अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाए अन्यथा कार्रवाई होगी। बैठक में रीडर प्रथम निरीक्षक अंबिका प्रसाद ध्रुव, स्टेनो गोकुल राम देवांगन, थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव समेत सभी विवेचक मौजूद थे।



### चिट्टा का अवैध कारोबार करने वाला पकड़ा गया, भेजा जेल

**भिलाई।** अवैध रुप से चिट्टा का कारोबार करने वाला धरा गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 21(ख) 27(क) नारकोटक्सि एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम अराया वाला, जिला-फिरोजपुर, (पंजाब) निवासी गुरुदेव देबा को पकड़ा गया। आरोपी कृषि उपज मंडी सिकोला भाठा दुर्ग में चिट्टा बेच रहा था। पुलिस ने उसके साथी राजविंदर सिंग उर्फ लड्डू को भी पकड़ा है। दोनों युवकों के न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। दुर्ग पुलिस द्वारा नशे के सौंदागरों के चेन को तोड़ने के लिए बड़ा अभियान चला रखा है। बता दें कि मोहननगर थाना क्षेत्र में नशे का कारोबार लंबे समय से फल-फूल रहा है। इसे लेकर कई बार शिकायत भी हो चुकी है। मुख्य रुप से शंकर नगर, विजय नगर, सिकोला भाठा, उरला रोड, जयंती नगर, कैलाश नगर, आर्य नगर, नया आमा पारा आदि क्षेत्रों में नशे के तस्करी से जुड़ी शिकायतें होते रही है।

# कलेक्टर से मुलाकात कर जिला किसान संघ ने समस्याएं गिनाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भारतीय किसान संघ जिला बालोद के पदाधिकारी एवं किसानों ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल से सौजन्य मुलाकात कर किसानों के विभिन्न मं मांगो व समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें संघ ने बताया कि दंतेश्वरी मैया शक्कर कारखाना में गन्ना बेचे दो माह से अधिक समय हो जाने के बावजूद किसानों को आज तक उनका भुगतान पूरा नहीं हुआ है जिनका भुगतान किया जावे। जिले के समस्त सेवा सहकारी समितियां में रासायनिक खाद की कमी है, जिसके कारण किसानों को दिक्कत है आ रही है, केंद्र सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए प्रति कुंतल बढ़ाई गई है जिसमें किसानों के खाते में तत्काल पैसा डाला जावे, ने बताया कि पिछली सरकार द्वारा धान का चौथा किस्त की राशि देना किसानों को शेष रह गया है जिसे तत्काल किसानों को प्रदान की जाए, भारतीय किसान संघ द्वारा गन्ने का प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की लगातार मांग की जा रही है किंतु इस संबंध में सरकार द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है, जिसकी समस्या समाधान के लिए भारतीय किसान संघ द्वारा ज्ञापन सौपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू, मंत्री चाणक्य यादव, गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला अध्यक्ष डॉक्टर तेजराम साहू, गुण्डरदेही ताम्रध्वज साहू, जैविक प्रमुख मनहरण साहू, युवा प्रकोष्ठ डिगेश कुमार, मनोहर सिंह, लक्ष्मी चंद धनकर, उमेश कुमार साहू, बुधारू राम साहू, टीकाराम साहू सहित किसान उपस्थित थे।

## भिलाई-चरोदा में सुशासन तिहार 37 लोगों के बने नए आधार कार्ड

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा द्वारा मंगल भवन भिलाई तीन में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सवाडा शामिल हुए। निगम आयुक्त डीएस राजपुत ने बताया कि शिविर में वार्ड 7 से लेकर वार्ड 18 तक के नागरिकों द्वारा पूर्व में प्रस्तुत आवेदनों के निराकरण की जानकारी से उन्हें अवगत कराया गया। एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग क्षेत्रीय कार्यालय भिलाई तीन से उपस्थित कर्मचारियों द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। आधार पंजीयन काउंटर पर सर्वाधिक भीड़ देखी गई। जहां 37 लोगों के नये आधार पंजीयन व 25 लोगों के आधार अपडेट करने की कार्रवाई की गई। कार्यक्रम में निगम के नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, पार्षद प्रेमलता चन्द्राकर, तुलसीराम ध्रुव, चन्द्रपकाश पाण्डेय, भाजपा नेता चंद्रिका यादव आदि मौजूद थे।

**पेज 9 के शेष...**

### पेंडरवानी के सुशासन...

दिए गए चना बीज के अंकुरण नही होने पर मुआवजा नही देने, राजस्व विभाग के नामांमरण, अतिक्रमण पर कार्यवाही नही करने, राशन आंबटन मे गड़बड़ी होने के मामले मे संबंधित विभागों की खुब खिंचाई की। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण के पेंडरवानी कलस्टर में शामिल 13 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 6277 आवेदनों का परीक्षण के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। आज शिविर मे हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योनजाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस दौरान शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर उनके गोद भराई रस्म और बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्न प्रासन संस्कार पूरा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया।

आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पेंडरवानी में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण के दौरान पेंडरवानी कलस्टर के अंतर्गत कृषि विभाग को 34, स्वास्थ्य विभाग को 31, पीएचई को 68, महिला एवं बाल विकास विभाग को 237, शिक्षा विभाग को 40, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 4595, खाद्य विभाग को 321, श्रम विभाग को 234, राजस्व विभाग को 511 तथा विद्युत विभाग को 174 सहित कुल 6277 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई।

### गोल्डन बुक आफ...

प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम छत्तीसगढ़योगेश अग्रवाल ने की, वहीं विशिष्ट अतिथि रामेश्वर शर्मा, छंद गुरु अरूण निगम, राष्ट्रीय महामंत्री राष्ट्रीय कवि संगम महेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम कमल शर्मा, छंद गुरु रामनाथ साहू ननकी, गोल्डन बुक प्रमुख डॉ सोनल शर्मा अतिथि उपस्थित थे।

खबर संक्षेप



## साहू समाज का निशुल्क कोचिंग क्लास जारी

**गुण्डरदेही।** तहसील साहू समाज के पदाधिकारियों ने साहू सदन गुण्डरदेही में निःशुल्क कोचिंग क्लास की व्यवस्था की गई है। जिसमें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के बारे में शिक्षाविद् अपने निःशुल्क सेवा प्रदान कर रहे हैं। साहू समाज के अलावा अन्य समाज के विद्याथएँ इसका लाभ ले रहे हैं, इस दौरान योगाचार्य वरिष्ठ साहित्यकार केशव राम साहू ने जीवन में सफलता प्राप्त करने के संबंध में लघु कथा, कविता एवं कहानी के माध्यम से सरल उदाहरण से उत्साहवर्धन किया एवं बताया कि जैसे गणित के प्रश्न को सूत्र के माध्यम से हल करते हैं। उसी प्रकार दैनिक जीवन में योग, पर्यावरण से जुड़कर उपकारी कार्यों में भी भागीदारी बनाएं। भोजन से दुगुना पानी पिये, त्रिगुण श्रम करें, चौगुना हंसी प्रफुल्लित रहें, जिससे तन मन स्वस्थ रहेगा और ज्ञानवर्धन में सहूलियत होगी।

## जनपद पंचायत में कृषि समिति की हुई बैठक



**गुण्डरदेही।** गुरुवार को सभापति गुलशन कुमार साहू ने ली। बैठक में मुख्य रूप से कृषि संबंधित सरकार के सभी योजनाओं को जरूरत मंद किसानो तक पहुचाने की बात हुई और साथ ही साथ कृषि के माध्यम से किसानो को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उद्यानिकी विभाग, मतस्य विभाग और पशुपालन विभाग के विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसान तक पहुंचाने व अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके ये सभी बाते हुई। जिसमे मीटिंग में मुख्य रूप से कृषि विभाग के सभापति गुलशन कुमार साहू, सदस्यगण धारा चौधरी, देविका बंजारे, ओमेश्वर साहू और पूर्णिमा साहू उपस्थित थे तथा कृषि विभाग के तरफ से अधिकारी के रूप में एसडीओ उषा सूर्यवंशी, पशुपालन विभाग से डॉ कौशल,उद्यानिकी विभाग से दिनेश जोशी, मत्स्य विभाग के अधिकारी तथा रूपेश देवांगन समेत सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## जामुल में सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में वार्ड 10 में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। पार्षद रामप्यारी वर्मा ने सामुदायिक भवन को लेकर पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार से मांग किया था। उन्होंने सामुदायिक भवन की सौगात वार्ड के लोगों को दिया। मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार थे। अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने किया। विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू ,सरस्वती बंजारे, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेश दांडेकर,उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा राम बंछोर, पूर्व अध्यक्ष सरोजिनी चंद्राकर, पार्षद राम प्यारी वर्मा, सबीहा करीम खानमीनू ताम्रकार, राज वैष्णव, सोनू बर्मन, विकास यादव, मकसूदन हिरवानी, गोपी वर्मा आदि मौजूद थे।

### शिविर : खेल प्रतिभाओं की नई उड़ान, शिविर 15 जून तक जारी रहेगा

# चिखली ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में छुपी प्रतिभाओं को मिलेगी नई पहचान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

आदिवासी अंचलों में छुपी खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाने एवं उन्हें बेहतर प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालोद के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर जिले के विभिन्न खेल मैदानों में 15 मई से 15 जून 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में चिखली के खेल मैदान में रंगारंग कार्यक्रम के साथ शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चिखली के सरपंच रम्हाऊ राम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार ठाकुर ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला खेल समन्वयक स्वप्न जेना, वार्ड पंच राष्ट्रपाल नंद तथा सहायक कोच जगप्रीत सिंह संधू मंच पर उपस्थित रहे। जिला खेल अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने जानकारी दी कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन उचित प्रशिक्षण के अभाव में वे उभर नहीं पातीं। इसी उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा यह 30 दिवसीय शिविर आयोजित किया गया है, जो प्रातः 6:00 से 8:00 बजे तक संचालित हो रहा है।

### खिलाड़ियों का छलक रहा उत्साह



फुटबॉल के लिए चयनित चिखली केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता है। जिला खेल समन्वयक श्री स्वप्न जेना ने कहा कि निरंतर अभ्यास से हर कार्य सरल हो जाता है, और खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। मुख्य अतिथि रम्हाऊ राम ने कहा कि आज के समय में खेल भी एक सशक्त भविष्य का माध्यम बन चुका है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी बराबरी का महत्व मिलना चाहिए। रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब के सचिव चंद्रशेखर पवार ने जानकारी दी कि इस वर्ष क्लब के 13 बच्चों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, जिनमें से दो बच्चों — कु. प्राची (अंडर-17 फुटबॉल, जम्मू-कश्मीर) और थमेश कुमार (अंडर-14 फुटबॉल, कोल्हापुर) — ने राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। दिल्ली प्रवास पर गए जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सौरभ लुनिया ने फोन के माध्यम से बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए मन लगाकर प्रशिक्षण लेने का संदेश दिया। शासन द्वारा प्रतिभागियों के लिए गुड़, चना और फल्ली जैसी पौष्टिक खाद्य सामग्री की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर में शामिल होने के इच्छुक खिलाड़ी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली के खेल मैदान में पंजीयन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण शिविर सभी वर्गों के लिए निःशुल्क एवं सर्वसुलभ है।

## नगर पालिका ने डेंगू जागरूकता अभियान चलाया, कार्यशाला में उपायों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा द्वारा डेंगू से बचाव एवं रोकथाम हेतु एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य नगरवासियों को डेंगू के प्रति जागरूक करना और इससे बचाव के उपायों की जानकारी देना था। कार्यशाला की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने की। उन्होंने कहा कि डेंगू जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए हमें सजग रहना जरूरी है। अपने घर, आसपास के क्षेत्र और पूरे वार्ड को साफ-सुथरा रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर ने स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया कि डेंगू नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि नियमित सफाई, दवाओं का छिड़काव, नालियों की सफाई और पानी के टैंकों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा। सफाईकर्मियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए नियमित दवा छिड़काव करें और जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू साहू ने डेंगू की जानकारी देते हुए बताया कि यह बीमारी एडिस मच्छर के काटने से होती है, जो दिन में काटता है। उन्होंने डेंगू से बचाव के लिए "देखें, साफ करें, ढंकें" थीम को अपनाने की सलाह दी। डेंगू के लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों में दर्द, उल्टी, और गंभीर मामलों में खून आना शामिल हैं। बचाव के लिए लोगों को सलाह दी गई कि सप्ताह में एक बार कूलर का पानी खाली करें, टायरों में पानी जमा न होने दें, मोजे पहनें, खिड़की-दरवाजों पर जाली लगाएं और मच्छरदानी का उपयोग करें। इस कार्यशाला में कार्यपालन अभियंता नित्यानंद उपाध्याय, स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, पार्षदगण संजीव सिंह, अरुणा रामटेके, रोशन पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक, मितानिन प्रशिक्षक और नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आईजी और एसपी ने बालोद थाने में महिला सेल का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से) द्वारा जिला पुलिस बालोद एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोद का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान रक्षित केंद्र में नव निर्मित मैगजीन भवन एवं महिला सेल बालोद का शुभारंभ किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग ने दरबार आयोजित कर अधिकारी कर्मचारियों की समस्या सुनी गई, गुजारिशें, उनके उचित निराकरण हेतु संबंधित प्रभारियों को निर्देश दिए गए। ई.साक्ष्य एप, ई.समंस एवं सशक्त एप पर हाईटेक पुलिसिंग के तर्ज पर जिला बालोद के सभी अधिकारी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप रजिस्टर कर केस दर्ज करने, समंस तामिली एवं चोरी के वाहनों का डिटेक्शन हेतु इन एप्स का उपयोग करने निर्देशित किए गए।

साइबर क्राइम फाइनेंशियल फ्रॉड के मामलों में म्यूल अकाउंट को फ्रीज कराने और म्यूल खाताधारकों पर वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किए गए। पुलिस कार्यालय बालोद मे हुई मीटिंग मे ऑफिस कार्य को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, अपराध नियंत्रण तथा लंबित मामलों के निराकरण समेत अन्य महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। नवीन कानून के संबंध में बालोद जिले के सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को अध्ययन कर प्रॉपर सही जानकारी रखने सटीकता से विवेचना करने निर्देशित किए गए। मीटिंग मे सभी थाना प्रभारी से थाना कार्य की समीक्षा कर थाना स्टाफ की डेली ड्यूटी को बेहतर करने, बीट एरिया के ग्रामों में एक्टिव रहकर अपराध नियंत्रण अनुसंधान कार्यों में अपने दायित्वों का निर्वहन करने के संबंध में थाना प्रभारियों को समय समय पर अपने अधिनस्थ स्टाफ को ब्रीफ करने निर्देशित किए एवं लंबित प्रकरणों का शीघ्र निकाल के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग ने रक्षित केंद्र बालोद में परेड निरीक्षण के दौरान उत्तम वेशभूषा धारण करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। एमटी शाखा के वाहनों समेत रक्षित केंद्र बालोद के प्रशासनिक भवन का जायज़ा लिया, इसके बेहतर रखरखाव बनाए रखने निर्देशित किए गए साथ ही आर्म्स एम्यूनेशन हेतु नव निर्मित मैगजीन भवन का शुभारंभ भी किया गया। साइबर अपराध के प्रति आमजनों को जागरूक करने तथा फाइनेशियल फ्रॉड के प्रकरणों में म्यूल अकाउंट को फ्रीज करने के संबंध में निर्देशित किया गया, नए कानून की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने एवं पुलिस विभाग के अधिनस्थ स्टाफ को भी नए कानून के बारे में अध्ययन कर उचित जानकारी रखकर पुलिस अनुसंधान कार्यों में सटीकता लाने अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने समेत बेल विरोध एवं दोषमुक्त प्रकरणों पर भी चर्चा कर उक्त हेतु दिशा निर्देशि दिए गए।

## विश्व उच्चरक्तचाप दिवस पर आज विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में 17 मई को विश्व उच्चरक्तचाप दिवस के अवसर पर जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके सूर्यवंशी ने बताया कि उच्च रक्तचाप दुनिया भर में सबसे आम गैर–संचारी रोगों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व स्तर पर 30–79 वर्ष की आयु के 1.28 बिलियन से अधिक वयस्कों में उच्च रक्तचाप है। किंतु बहुत कम लोगों को ही अपनी स्थिति के बारे में पता है और इससे भी कम लोग इसे नियंत्रित करते हैं। उन्होंने बताया कि 17 मई को विश्व उच्चरक्तचाप दिवस के अवसर पर जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में जनजागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिसके अंतर्गत जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में स्क्रीनिंग शिविर के माध्यम से उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह की जांच निःशुल्क की जाएगी। उन्होंने बताया कि विशेष शिविर का आयोजन कार्यालय, आश्रय गृहों एवं सुदुर अंचलों में किया जाएगा। जिसका उद्देश्य आम जनता को उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान की जाएगी।

## शैलदेवी कालेज के छात्रों ने अंडा में चलाया स्वच्छता अभियान






हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा दुर्ग के कला एवं विज्ञान संकाय, के विद्यार्थियों को गृह विज्ञान प्रायोगिक कार्य के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अंडा का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने सरपंच दिग्विजय सिन्हा एवं ग्राम पंचायत सचिव रूपेश सिंह से भेंट किए। सचिव ने विद्यार्थियों को बताया कि शासन द्वारा कई योजनाएँ चलाई जा रही है जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि विकास, महिला सशक्तीकरण और रोजगार पर केन्द्रित है इसमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, स्वच्छता योजना, आयुष्मान भारत योजना, अटलं पेंशन योजना के साथ ही और भी कई योजनाएं हैं जिनकी अधिक जानकारी संम्बंधित विभाग' के वेबसाइट पर उपलब्ध है। वर्तमान में ग्राम अण्डा में मनरेगा का कार्य चल रहा है साथ ही महिला सदन एवं लोक सेवा केंद्र भवन का निर्माण कार्य चल रहा है जहाँ स्थानीय लोगों को कम दर्श पर आधार कार्ड, जीवन-मृत्यु पत्र व अन्य सुविधाएँ प्राप्त होगी। सरपंच की अनुमति से गृह विज्ञान के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम अंडा में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों नै चार्ट, पोस्टर, फ्लैश कार्ड एवं मॉडल के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया गया । इसके अंतर्गत व्यक्तिगत स्वच्छता, मृदा संरक्षण, जल एवं वायु प्रदूषण को रोकने, प्लास्टिक व पोलीथिन के उपयोग को कम से कम करने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के प्रोत्साहित किया ।

### गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ की घर-घर प्रेरणा दी



**बालोद।** शहर मे गायत्री परिवार बालोद द्वारा गृहे गृहे गायत्री यज्ञ के तहत लोगो को अपने घरो मे गायत्री यज्ञ करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, इसी के तहत नगरवासी अपने घरो मे गायत्री परिवार के आचार्यो को बुलाकर विधि विधान से गायत्री यज्ञ करवा रहे है। इसी के तहत गायत्री परिवार द्वारा शहर निवासी कमल टुवानी के निवास स्थान पर गायत्री यज्ञ संपन्न किया गया। जिसमे तरूण टुवानी व कविता टुवानी यजमान के रूप मे भाग लिये। जिसमे परिवार के लोगो के साथ आस पास के लोग भी गायत्री यज्ञ मे सम्मिलित हुए। तरूण टुवानी व कविता टुवानी ने 8 से 11 दिसंबर तक होने वाले 108 कुण्डलीय गायत्री महायज्ञ मे जजमान बनने का संकल्प लिया।

### निकुम में रामायण सम्मेलन आज

**निकुम।** समस्त ग्रामवासी निकुम के संयुक्त तत्वावधान में श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण बाजार चौक निकुम में एक दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन 17 मई को सुबह 10 बजे शुभारंभ होगी। जिसमें छत्तीसगढ़ की प्रख्यात मानस मंडली पूजा मानस परिवार चिरको महासमुंद, श्री राम कृपा मानस परिवार सालिक झीटिया, स्वरांजलि मानस परिवार खुरसुल, हरितनय मानस परिवार परखंदा, वेद श्रवण मानस परिवार पलांदूर मोहल्ला की मनमोहक प्रस्तुति सुबह 10 बजे से होगी। यह जानकारी आयोजक समिति प्रमुख व सरपंच निकुम भागवत पटेल ने दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## आबादी जमीन वितरण में लोचा, ग्रामीण सरपंच के विरोध में





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

गुण्डरदेही ब्लॉक के सरेखा गांव में आबादी जमीन वितरण किए जाने को लेकर विरोध तेज हो गया है। गोपनीय तरीके से अपने चहेतों को पैसे का लेनदेन कर आबादी जमीन वितरण किए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने सरपंच और पंचायत के जिम्मेदारों का जमकर विरोध कर रहे हैं। ग्रामीण अध्यक्ष अजय साहू, मानसिंह देवदास, खिलवाना साहू, सतोष सिन्हा ने बताया कि सरेखा गांव में 26 लोगों आबादी को जमीन का वितरण किया गया है। जिसको लेकर ना ही ग्राम सभा में प्रस्ताव लाया गया और ना ही गांव के लोगों से चर्चा की गई। महावीर साहु मंगवाती हरिशंकर श'हन विश्वकर्मा कान्हा ठाकुर युवराज ठाकुर ने कहा कि पंचायत सरपंच ने गुपचुप तरीके से आबादी जमीन का वितरण कर दिया। जिसकी जानकारी ग्रामीणों को तब हुई जब वितरित किए आबादी जमीन का सीमांकन करने के लिए पटवारी सरेखा पहुंचे। ग्रामीण महिलाओ मे लाकेश्वरी, ललीता, सुशीला, खेमिन, सत्या, सुशीला ने गांव के सरपंच पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरपंच ने पैसे कमाने के उद्देश्य से चुपचाप जमीन का वितरण कर दिया। जब गांव में बैठक की गई तब पता चला कि सरपंच ने कई लोगों से पैसे भी लिए है और आबादी जमीन देकर पंचायत से कागज भी दे दिया।

ग्रामीण .खिलावन साहू, मानसिंह देवदास ने कहा कि सरपंच द्वारा वितरित किए जमीन को निरस्त किया जाना चाहिए। गांव में कई लोगों को जमीन की जरूरत है लेकिन उन्हें नहीं मिल पाया। अगर जल्द ही वितरित जमीन को निरस्त नहीं किया गया तो कलेक्टर के पास जाकर मामले की शिकायत और निरस्त करने की मांग की बात ग्रामीणों ने कही।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411